05.02.2026 आकाशवाणी केन्द्र शिमला 11:00बजे
प्रादेशिक समाचार

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार गांव के समग्र विकास और आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए लगातार कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री बुधवार को ऊना जिला के अंब उपमंडल में 16 करोड़ रूपए से अधिक की विभिन्न विकास योजनाओं के लोकार्पण के अवसर पर बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन विकास योजनाओं से क्षेत्र की सड़क और पुल अधोसंरचना सुदृढ़ हुई है और आवागमन सुगम होगा तथा ग्रामीण अर्थव्यस्था को गति मिलेगी।

## सामाजिक सुरक्षा पैंशन

सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग ने राज्य में उन सभी सामाजिक सुरक्षा पैंशन धारकों की पैंशन अस्थायी तौर पर बंद कर दी है जिन्होंने निर्धारित अवधि में अपना ई–के वाई सी सत्यापन नहीं करवाया है। विभाग के एक प्रवक्ता ने ऐसे सभी लाभार्थियों से अपील की है कि वे 15 फरवरी तक सभी आवश्यक दस्तावेजों सहित अपना ई–केवाईसी सत्यापन करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि इस अंतिम अवसर के बाद भी सत्यापन नहीं करवाने वाले लाभार्थियों की सामाजिक सुरक्षा पैंशन स्थायी तौर पर बंद कर दी जाएगी।

## भाजपा

प्रदेश भाजपा प्रवक्ता संदीपनी भारद्वाज ने कहा है कि केंद्र सरकार ने हमेशा ही हिमाचल की दिल खोलकर आर्थिक मदद की है। संदीपनी भारद्वाज ने शिमला में एक पत्रकार वार्ता में केंद्र सरकार द्वारा आरडीजी को समाप्त करने के मुददे पर कहा कि ऐसा केवल हिमाचल के साथ नहीं हुआ है बल्कि 17 राज्यों में इसे बंद किया गया है। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर इस मुददे पर राजनीति करने का आरोप लगाया और कहा कि यदि मुख्यमंत्री इस मुददे को केंद्र सरकार के साथ गंभीरता से उठाना चाहते हैं तो उन्हें पहले भाजपा विधायक दल के साथ बैठक करनी चाहिए।

## मतदाता सूची

प्रदेश में राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी ग्राम पंचायतों की मतदाता सूचियों का प्रारूप प्रकाशन कर दिया गया है। ये अंतिम प्रकाशन मतदाता सूचियों को लेकर प्राप्त दावों और आपत्तियों के निपटारे के बाद किया गया है। मतदाता सूचियों की प्रतियां अब आम जनता के निरीक्षण के लिए उपायुक्त कार्यलयों, संबंधित ग्राम पंचायतों, पंचायत समितियों और जिला परिषद कार्यालयों में कार्यालय समय के दौरान निशुल्क उपलब्ध होंगी।

## उज्जवला योजना

केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री उज्जवला योजना ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही है। प्रदेश के हमीरपुर जिला में उज्जवला योजना 3 प्वाइंट जीरो के तहत अभी तक 5 सौ 23 पात्र लाभार्थियों को रसोई गैस कनैक्शन दिए जा चुके हैं। जिले के लाहड़ गांव की पायल का कहना है कि ये सुविधा मिलने के बाद वह अपने परिवार को अब अधिक समय दे पा रही है।

## मौसम

प्रदेश में हुई ताजा वर्षा और बर्फबारी के बाद पूरा प्रदेश कड़ाके की ठंड की चपेट में है। खासकर राज्य के जनजातीय क्षेत्रों में लोगों को खून जमा देने वाली ठंड का सामना करना पड़ रहा है। आज लाहौल स्पीति के कुकुमसेरी में न्यूनतम तापमान माइनस 15 डिग्री दर्ज किया गया जो अब तक इस मौसम का सबसे कम तापमान है। इसके अलावा ताबो में न्यूनतम तापमान माइनस 13 दशमलव 4, कल्पा में माइनस 2 और मनाली में शून्य दशमलव 7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने आज और कल राज्य में मैदानी इलाकों में कुछ स्थानों पर घने कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया है। जबकि राज्य के अन्य हिस्सा में मौसम साफ बना रहेगा। प्रदेश में 9 फरवरी से बर्फबारी और वर्षा के फिर से लौटने की संभावना है।

## विभागीय परीक्षा

हिमाचल प्रदेश विभागीय परीक्षा बोर्ड 28 अप्रैल से 6 मई तक विभागीय परीक्षा का आयोजन करेगा। बोर्ड के सचिव दिनेश कुमार शर्मा ने शिमला में कहा कि ये परीक्षा भारतीय प्रशासनिक सेवा, हिमाचल प्रशासनिक सेवा, आईएफएस, एचएफएस, समस्त राजपत्रित अधिकारी और अभियंताओं के लिए आयोजित होगी। इस परीक्षा के लिए 11 फरवरी से 13 मार्च तक आवेदन किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि विभागाध्यक्षों को प्राथीके आवेदन 20 मार्च तक अनुमोदित करना अनिवार्य है।